एनडीआईएस वर्कफोर्स कैपेबिल्टी फ्रेमवर्क: कार्यबल प्रबंधन और योजना उपकरण

NDIS Workforce Capability Framework: Workforce Management and Planning Tool

Hindi | हिन्दी

एनडीआईएस वर्कफोर्स कैपेबिलिटी फ्रेमवर्क (फ्रेमवर्क) एनडीआईएस के तहत वित्त पोषित सभी श्रमिकों से अपेक्षित दृष्टिकोण, कौशल और ज्ञान का वर्णन करता है। यह स्पष्ट, व्यावहारिक उदाहरण प्रदान करता है और एनडीआईएस सेवाओं और समर्थन प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों के लिए 'अच्छी स्थितियाँ कैसी दिखाई देती हैं' की एक साझा भाषा स्थापित करता है। यह उपकरण वर्कफोर्स कैपिबिल्टी फ्रेमवर्क का समर्थन करता है।

कार्यबल प्रबंधन और योजना उपकरण एनडीआईएस प्रदाताओं का निम्नलिखित में समर्थन करता है:

वर्तमान कार्यबल प्रबंधन प्रथाओं का आकलन करने और सेवा एवं गुणवत्ता उद्देश्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक कार्यबल की योजना बनाने में।

सीमित विशेषज्ञ मानव संसाधन समर्थन वाले छोटे से मध्यम आकार के प्रदाताओं को कार्यबल योजना के विकास का मार्गदर्शन करने के लिए उपकरण का उपयोग करने में सक्षम बनाने में।

कार्यबल की चुनौतियों की पहचान करने और उन्हें संबोधित करने के लिए रणनीतियों को विकसित करने के लिए कार्यबल नियोजन और/या विचारों के स्रोत में विचार करने की एक चेकलिस्ट (जांच-सूची) के रूप में और अधिक अनुभवी संगठनों का समर्थन करने में।

जिस कार्यबल की आपको आवश्यकता है, उसके बारे में तथा उन्हें कैसे खोजना है और उन्हें कैसे बनाए रखना है, इस बारे में स्पष्ट होना, प्रदाताओं के लिए प्रतिस्पर्धी बाजार में सफल होने और सेवा वितरण, गुणवत्ता और कार्यबल लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है।

क्या उम्मीद करें

यह उपकरण एनडीआईएस प्रदाताओं को सेवा वितरण और गुणवत्ता उद्देश्यों को पूरा करने के लिए अपने कार्यबल का आकलन, योजना और प्रबंधन करने में सहायता करता है।

- **आकलन करना:** कार्यबल की क्षमताओं और विकास के क्षेत्रों की पहचान करने के लिए संकेतकों का उपयोग करें।
- **योजना बनाना:** अपने उद्देश्यों और किसी भी अंतराल को प्राप्त करने के लिए आवश्यक कार्यबल की गणना करें।
- **योजना बनाना:** एक बार डेटा दर्ज करने के बाद, टूल स्वचालित रूप से संबंधित फ़ील्ड्स की गणना करके उन्हें पॉप्युलेट करेगा।
- **परिणाम:** यदि आप टूल में अपना डेटा दर्ज करते/ती हैं, तो आपको पहचानी गई जरूरतों या मुद्दों को संबोधित करने के लिए संभावित रणनीतियों को संदर्भित किया जाएगा।
- **परिणाम:** वर्तमान और भविष्य के व्यावसायिक लक्ष्यों को पूरा करने और आपके डेटा के आधार पर प्रतिभागी परिणामों में सुधार करने में आपकी सहायता करने के लिए एक कार्यबल योजना विकसित की जाती है।
- **परिणाम:** वैकल्पिक रूप से, आप संकेतकों और रणनीतियों के लिए टूल के माध्यम से बस ब्राउज़ कर सकते/ती हैं।

व्यवहार में उपकरण:

ABC Supports (ABC) एक छोटा संगठन है जिसे भविष्य के विकास की योजना बनाने, संगठनात्मक लक्ष्यों को प्राप्त करने और यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि कर्मचारियों की संख्याएँ और उनके कौशल प्रतिभागियों की जरूरतों को पूरा करते हैं। कर्मचारियों की कमी और महामारी के प्रबंधन जैसे मुद्दों के साथ, ABC उन्हें आगे की योजना बनाने और प्रतिभागियों का समर्थन करने के लिए कौशल वाले श्रमिकों की भर्ती करने में मदद करने के लिए एक टूल की तलाश कर रहा है।

वे यह पता लगाने के लिए **कार्यबल प्रबंधन और योजना उपकरण** का उपयोग करते हैं कि उन्हें योजना बनाना शुरू करने और अपने विश्लेषण का मार्गदर्शन करने के लिए प्राम्प्ट प्रश्नों के माध्यम से काम करने के लिए कौन से व्यावसायिक डेटा और अन्य जानकारी इकट्ठा करने की आवश्यकता है। चरण-दर-चरण प्रक्रिया के माध्यम से काम करके, टूल ABC को प्राथमिकताओं की पहचान करने और यथार्थवादी कार्यबल योजना विकसित करने में सहायता करता है।

ABC अपने प्रतिभागियों का समर्थन करने के लिए एक कुशल कार्यबल का निर्माण करने और उसे संलग्न करने के लिए आवश्यक क्षमताओं का पता लगाने के लिए **पोज़ीशन डिस्क्रिप्शन टूल** और **भर्ती और चयन संसाधनों** का भी उपयोग करता है।

टूल (उपकरण) तक पहुँचना और उसका उपयोग करना

टूल एक एक्सेल फ़ाइल है जिसे आप डाउनलोड करते/ती हैं और अपने डिवाइस पर उपयोग करते/ती हैं। टूल में आपके द्वारा दर्ज की गई कोई भी जानकारी एनडीआईएस आयोग द्वारा दर्ज या साझा नहीं की जाती है। अपना काम खो देने से बचने के लिए डेटा दर्ज करते समय फ़ाइल को नियमित रूप से सेव करना याद रखें।

टूल तक पहुंचें: कार्यबल प्रबंधन और योजना उपकरण | एनडीआईएस वर्कफोर्स कैपेबिल्टी (ndiscommission.gov.au)

फ्रेमवर्क या इसके कार्यान्वयन के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, इस वेबसाइट पर जाएँ: https://workforcecapability.ndiscommission.gov.au/ ।

संपर्क: workforcecapability@ndiscommission.gov.au या 1800 035 554.